**अवधि: 03:00 घंटे** **पूर्णांक : 100**

**सूचना:**

**1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**2. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक हैं।**

प्रश्न 1.प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं पर विस्तार से प्रकाश डालिए। 20

**अथवा**

मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं पर विस्तार से चर्चा कीजिए।

प्रश्न 2. हिन्दी भाषा की उत्पत्ति और विकास पर प्रकाश डालिए। 20

**अथवा**

हिन्दी की प्रमुख बोलियां कौन-कौन सी है उसे विस्तार से रेखांकित कीजिए।

प्रश्न 3. हिन्दी के शब्द समूह पर विस्तार प्रकाश डालिए। 20

**अथवा**

देवनागरी लिपि का महत्व अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 4. वाक्य की परिभाषा देते हुए रचना की दृष्टि से वाक्यों के प्रकार लिखिए। 20

**अथवा**

समास का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके प्रमुख भेदों पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 5. निम्न में से किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए। 20

क) लौकिक संस्कृत

ख) मराठी भाषा

ग) अर्थ की दृष्टि से वाक्य

घ) देवनागरी लिपि की विशेषताएं

---



X181Y71B2ABX181Y71B2ABX181Y71B2ABX181Y71B2AB

अवधि : 3 घंटे

कुल अंक : 100

सूचना: 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक हैं।

प्रश्न 1. शब्द शक्ति के अर्थ एवं स्वरूप को स्पष्ट करते हुए, अभिधा तथा लक्षणा शब्द शक्तियों का सोदाहरण परिचय दीजिए। 20

अथवा

शब्द शक्ति की परिभाषा पर प्रकाश डालते हुए, उसके प्रमुख प्रकारों का विवेचन कीजिए।

प्रश्न 2. रस के स्वरूप की चर्चा करते हुए, वीर रस को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 20

अथवा

रस से क्या तात्पर्य है बतलाते हुए, उसके अवयवों पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 3. कहानी की परिभाषा, उसके स्वरूप व तत्वों को स्पष्ट कीजिए। 20

अथवा

आत्मकथा तथा जीवनी के तत्वों को रेखांकित कीजिए।

प्रश्न 4. वीप्सा व वक्रोक्ति अलंकारों के लक्षण और उदाहरण लिखिए। 20

अथवा

प्रतीप और संदेह अलंकारों के लक्षण उदाहरण सहित समझाइए।

प्रश्न 5. किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए। 20

क) व्यंजना शब्दशक्ति
ख) श्रृंगार रस
ग) उपन्यास के तत्व
घ) दीपक अलंकार का लक्षण तथा उदाहरण

-------------------------------



X181Y0C1E08X181Y0C1E08X181Y0C1E08X181Y0C1E08

**अवधि: 02 ½ घंटे** **पूर्णांक : 80**

**सूचना : 1) अंतिम 5 वाँ प्रश्न अनिवार्य है।**
**2) शेष चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**
**3) सभी प्रश्नों के लिए समान अंक हैं।**

प्रश्न 1) सोशल मीडिया के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए उसके प्रकारों को समझाइए। 20

**अथवा**

सोशल नेटवर्किंग साइड और विज्ञापन पर विस्तार से चर्चा कीजिए।

प्रश्न 2) 'सोशल मीडिया' के राजनीतिक और धार्मिक प्रभावों को रेखांकित कीजिए। 20

**अथवा**

'सोशल मीडिया' "मुक्त अभिव्यक्ति का प्रभावी माध्यम है" कथन को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 3) सोशल मीडिया के कारण बदलते भारतीय परिवेश का परिचय दीजिए। 20

**अथवा**

सोशल मीडिया की उपयोगिता लिखिए।

प्रश्न 4) हिंदी के प्रसार और प्रयोग में 'सोशल मीडिया' की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए। 20

**अथवा**

सोशल मीडिया की चुनौतियाँ और सीमाओं को दर्शाइए।

प्रश्न 5) किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए। 20

क) सोशल मीडिया का विकास
ख) फेसबुक में हिंदी
ग) सोशल मीडिया की प्रचलित भाषा
घ) सोशल मीडिया और कानून

---



X181YD839F1X181YD839F1X181YD839F1X181YD839F1

समय -३ घंटे पूर्णांक - १००

सूचना: 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक हैं।

प्रश्न 1. कविता का अर्थ बताते हुए उसके स्वरूप की चर्चा कीजिए। 20

अथवा

हिंदी निबंध साहित्य का विकास क्रम स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 20

क) ''पग पग पर तीर्थ हैं,
मंदिर भी बहुतेरे हैं;
तू जितनी करे परिक्रमा, जितने लोगे फेरे
मंदिर से, तीर्थ से, यात्रा से,
हर पग से, हर सांस से
कुछ मिलेगा, अवश्य मिलेगा,
पर उतना ही जितने का तू है अपने भीतर से दानी।''

अथवा

''पानी में घिरे हुए लोग
अपने साथ ले आते हैं पुआल की गंध
वे ले आते हैं आम की गुठलियां
ख़ाली टिन
भुने हुए चने
वे ले आते हैं चिलम और आग।''

ख) ''पाप का यह ब्रह्मास्त्र अतीत में अजेय रहा है और वर्तमान में भी अजेय है।''

अथवा

''गौरैया दाना चुगती है पर शायद जिस मात्रा में दाना चुगती है उससे कहीं अधिक लाभ वह खेत का इस प्रकार करती है कि अनाज में लगने वाले कीड़ों को वह साफ़ करती रहती है।''

प्रश्न 3. 'उनको प्रणाम' कविता का संदेश लिखिए। 20

अथवा

'थोड़े-से बच्चे और बाक़ी बच्चे' कविता में वर्गीय विषमता पर कैसे प्रकाश डाला गया है?



X181YC7D53DX181YC7D53DX181YC7D53DX181YC7D53D

**प्रश्न 4.** 'बाज़ार-दर्शन' निबंध में बाज़ार की महिमा तथा उसमें होने वाले छल कपट को कैसे प्रस्तुत किया गया है? **20**

**अथवा**

'अगर मुल्क में अख़बार न हो' निबंध में प्रतिपादित नामवर सिंह के अख़बार-विषयक विचारों पर प्रकाश डालिए।

**प्रश्न 5. किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए।** **20**

क) 'प्रमथ्यु गाथा' कविता का संदेश।

ख) 'सिलसिला' कविता में प्रतिपादित क्रान्ति की आवश्यकता।

ग) ज़िंदगी में हिम्मत का महत्व।

घ) 'पाँत का आखिरी आदमी' निबंध में अभिव्यक्त वर्तमान व्यवस्था की खामियां।

*******************



X181YC7D53DX181YC7D53DX181YC7D53DX181YC7D53D

**अवधि: 02 :30 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**सूचना : 1) अंतिम 5 वाँ प्रश्न अनिवार्य है।**
**2) शेष चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**
**3) सभी प्रश्नों के लिए समान अंक हैं।**

प्रश्न 1) जनसंपर्क का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके महत्व को रेखांकित कीजिए। 20

**अथवा**

जनसंपर्क की संभावनाएँ और चुनौतियों पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 2) विज्ञापन की परिभाषा देते हुए उसके स्वरूप की विवेचना कीजिए। 20

**अथवा**

विज्ञापन और उपभोक्ता के संबंधों को दर्शाते हुए, विज्ञापन की विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 3) लघु फिल्म के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए, लघु फिल्म के प्रकारों की चर्चा कीजिए। 20

**अथवा**

वृत्तचित्र का अर्थ स्पष्ट करते हुए, उसकी उपयोगिता लिखिए।

प्रश्न 4) सामाजिक मुद्दों को प्रस्तुत करने में मीडिया के योगदान को स्पष्ट कीजिए। 20

**अथवा**

मीडिया और बाजार के गहरे संबंध की विस्तृत विवेचना कीजिये ।

प्रश्न 4) किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए। 20

क) जनसंपर्क के क्षेत्र

ख) विज्ञापन और कानून

ग) लघु फिल्म का स्वरूप

घ) मीडिया और आचार संहिता

***********



X181YCC9A30X181YCC9A30X181YCC9A30X181YCC9A30

**समय: 3:00 घंटे** **अंक:100**

सूचना : 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

2. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक हैं।

प्रश्न 1. आधुनिक काल की युगीन परिस्थितियों का सामान्य परिचय दीजिए। 20

अथवा

भारतेन्दु युग की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए।

प्रश्न 2. प्रयोगवाद कविता की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 20

अथवा

नई कविता की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 3. हिंदी उपन्यास के विकास-क्रम पर प्रकाश डालिए। 20

अथवा

हिंदी आलोचना के विकास-क्रम को विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 4. हिंदी आत्मकथा साहित्य के विकास-क्रम का विवेचन कीजिए। 20

अथवा

हिंदी जीवनी साहित्य के विकास-क्रम पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 5. क) किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए। 10

1. द्विवेदी युग काव्य
2. प्रगतिवाद
3. यथार्थवाद और प्रेमचंद
4. संस्मरण

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।

1. कवि वचन सुधा मासिक पत्रिका के संपादक कौन थे ?
2. 'पुष्प की अभिलाषा' कविता के कवि कौन हैं ?
3. 'प्रकृति के सुकुमार कवि' किसे कहा गया है ?
4. 'कवि और कविता' के निबंधकार कौन हैं ?

5 'सोया हुआ जल' उपन्यास के लेखक कौन हैं ?

ग) सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. समस्यापूर्ति परक काव्य रचना किस युग की विशेषता है ?

i) द्विवेदी युग ii) छायावाद

iii) भारतेन्दु युग iv) प्रगतिवाद

2. 'मैं नीर भरी दुख की बदली' किसकी उक्ति है ?

i) सुमित्रानंदन पंत ii) महादेवी वर्मा

iii) दिनकर iv) निराला

3. ' सरोज स्मृति' किसकी रचना है ?

i) प्रसाद ii) निराला

ii) सुमित्रानंदन पंत iv) महादेवी वर्मा

4. हिंदी उपन्यास सम्राट किसे कहा जाता है?

i) यशपाल ii) जयशंकर प्रसाद

iii) प्रेमचंद iv) अमृतलाल नागर

5. 'चिंतामणि' किसका निबंध संग्रह है?

i) आ.रामचंद्र शुक्ल ii) आ. हजारी प्रसाद द्विवेदी

ii) सरदार पूर्ण सिंह iv) मिश्र बंधु

*****************